समाचार

आमजन की सुरक्षा हेतु नहर किनारे निगम लगा रहा साईनेज बोर्ड

(शहर के 15 स्थलों पर लग रहे बोर्ड, लोगों को किया जा रहा सावधान)

-: सावधान :-
(दुर्घटनाजन्य क्षेत्र)
नहर में नहाना, कपड़ा धोना
मूर्ति विसर्जन करना एवं अन्य
गतिविधि सक्त वर्जित है।
आदेशानुसार
नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

कोरबा 28 मई 2022 – आमजन की सुरक्षा के मद्देनजर तथा किसी अप्रिय घटना से बचाने हेतु नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा नहरों के किनारे विभिन्न स्थलों पर साईनेज बोर्ड लगाए जा रहे हैं। शहर के बीच से होकर बहने वाली इन नहरों में साईनेज बोर्ड हेतु 15 स्थलों को चिन्हाकित कर साईनेज बोर्ड लगाने का कार्य चल रहा है, लगभग आधे बोर्ड स्थापित किए जा चुके हैं, शेष स्थलों पर दो–चार दिनों में सभी साईनेज बोर्ड लगा दिए जाएंगे।

यहॉ उल्लेखनीय है कि कोरबा शहर के बीच से होकर जल संसाधन विभाग की नहरें बह रही हैं, इन नहरों के कारण किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हों, इसके मद्देनजर निगम द्वारा नहरों के किनारे जगह–जगह पर साईनेज बोर्ड स्थापित किए जा रहे हैं। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय के मार्गदर्शन में निगम के द्वारा शहर के 15 स्थलों को चिन्हाकित कर साईनेज बोर्ड स्थापित कराए जा रहे हैं, इन चिन्हाकित स्थलों में राताखार पुल के समीप 02 साईनेज बोर्ड, पम्प हाउस पुल में 01, झोपड़ीपारा नहर किनारे 01, रशियन हास्टल नहर किनारे 01, रूमगरा पुल नहर किनारे 01, फिल्टर प्लांट कोहड़िया नहर किनारे 01, राताखार गेरवाघाट एप्रोच रोड नहर किनारे 02, शनि मंदिर सीतामणी में 01, वैष्णो दरबार नहर किनारे 01, कोरबा रेलवे क्रांसिंग किनारे 01, अग्रसेन तिराहा नहर किनारे 01, इमलीडुग्गू नहर किनारे 01 तथा मानसनगर के सामने नहर किनारे 01 नग साईनेज बोर्ड स्थापना का कार्य किया जा रहा है, इनमें से लगभग आधे स्थलों पर साईनेज बोर्ड स्थापित किए जा चुके हैं, शेष स्थलों पर बोर्ड की स्थापना का कार्य किया जा रहा है।

नहरों में गतिविधियॉ प्रतिबंधित – नहरों में नहाने, कपड़ा धोने व मूर्ति विसर्जित करने सहित अन्य गतिविधियों को प्रतिबंधित किया गया है तथा साईनेज बोर्ड लगाकर लोगों को सावधान किया गया है कि यह दुर्घटनाजन्य क्षेत्र है, अतः सावधान रहे, नहरों में इस प्रकार की गतिविधियों से अनहोनी घटित हो सकती है, अतः नहरों में नहाने, कपड़ा धोने, मूर्ति आदि का विसर्जन करने तथा अन्य गतिविधियॉ करने मे पूर्ण रूप से परहेज करें।